भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते

2709. **श्री तारीक अनवर:** क्या वाणिज्य मंत्री निम्नलिखित जानकारी दर्शाने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान वर्षवार भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किये गए व्यापार समझौतों का वर्षवार विवरण क्या है; और

(ख) इन समझौतों की मुख्य बातों का देशवार विवरण क्या है ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री खुरशीद आलम खां) : (क) तथा (ख). गत पांच वर्षों के दौरान भारत द्वारा निम्नलिखित देशों के साथ व्यापार करार किये गए :---

1976

अल्जीरिया, जोर्डन, ट्यूनिशिया, आस्ट्रेलिया, सोवियत संघ, कोलम्बिया तथा इटली ।

करार जुलाई, 1970 में हस्ताक्षरित किया गया परन्तु 30 सितम्बर, 1976 को ही प्रवृत हुआ ।

व्यापार तथा आर्थिक करार।

1977

जर्मन लोकतंत्रीय गणराज्य, हंगरी, चिली तथा पुर्तगाल*†

*†करार अप्रैल 1972 में हस्ताक्षरित किया गया परन्तु 14 अक्तूबर, 1977 को प्रवृत हुआ।

†व्यापार तथा आार्थिक औद्योगिक तथा तकनीकी करार ।

1978

मिस्र, सीरिया, लिबिया, कोरिया लोकतंत्रीय जनवादी गणराज्य, वीयतनाम, इन्डोनेशिया, मंगोलिया, जाम्बिया,* नेपाल,† अफगानिस्तान, बलगारिया तथा पोलेन्ड,

*करार दिसम्बर, 1978 में हस्ताक्षरित किया गया परन्तु अभी प्रवृत होना है ।

†मार्च 1978 में हस्ताक्षरित भारत नेपाल व्यापार तथा परिवहन संधि और अनधिकृत व्यापार पर नियंत्रक के लिए सहयोग हेतु करार,

1979

यमन जनवादी लोकतंत्रीय गणराज्य फिलीपाइन्स, चैकोस्लोवाकिया तथा क्यूबा,

1980

बंगलादेश, रूमानिया* तथा सोवियत संघ†,

*1-1-1981 से लागू होना है ।

†1-1-1981 से लागू होना है ।

ऊपर उल्लिखित सभी देशों के साथ व्यापार करार सामान्य परम मित्र राष्ट्र किस्म के व्यापार करार हैं जिनके अन्तर्गत अन्य बातों के साथ साथ व्यापार संवर्धन, व्यापार मेले तथा प्रदर्शनियां आयोजित करने की सुविधाएं देने, वाणिज्यिक जानकारी के आदान प्रदान द्विपक्षीय व्यापार के पुनरीक्षण के लिए समय समय पर परामर्श करने, व्यापारिक यात्रा के लिए सुविधाएं देने आदि की व्यवस्था है ।

सोवियत संघ, चैकोस्लोवाकिया, जर्मन लोकतंत्रीय गणराज्य, पोलेन्ड तथा रूमानिया को छोड़ कर ऊपर उल्लिखित देशों, के साथ व्यापार करारों के अन्तर्गत मुक्त विदेशी मुद्रा में भुगतानों के आधार पर व्यापारिक आदान प्रदान की व्यवस्था है । (बल्गारिया तथा हंगरी के साथ व्यापारिक आदान प्रदान क्रमश: 1-1-1979 तथा 1-1-1978 से मुक्त रूप में परिवर्तनीय मुद्रा से शुरू हुआ), सवियत संघ, चैकोस्लोवाकिया, जर्मन लोकतंत्रीय गणराज्य पोलेन्ड तथा रूमानिया के साथ व्यापार करारों के मामलों में सभी वाणिज्यिक तथा गैर वाणिज्यिक सौदे अपरिवर्तनीय भारतीय रुपये में किये जाते हैं ।